# उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चार लोको पायलट का सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में संरक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले चार रनिंग स्टाफ को मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में दो लोको पायलट एवं दो सहायक लोको पायलट शामिल हैं, जिन्होंने सजगता और तत्परता का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं और गाड़ियों में विलंब की स्थिति को टाल दिया।

डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि 4 जून को ट्रेन संख्या 14661 (जोधपुर-जयपुर) के लोको की जांच के दौरान पायी गयी समस्या को पीसीआर को सूचना देकर सांभर स्टेशन पर रिलीफ इंजन की व्यवस्था करवाई गई। उनकी सजगता से एक सवारी गाड़ी की संभावित तकनीकी विफलता को बचाया गया और यात्रियों को होने वाली असुविधा से बचाया गया।



जोधपुर में चार रनिंग स्टाफ को मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इसी प्रकार ट्रेन संख्या 20481 में लोको पायलट शंभूलाल मीणा एवं सहायक लोको पायलट कैलाश चौधरी ने अप लाइन पर ट्रैक पर अवरोध देखा। उन्होंने तुरंत ट्रेन को रोका नियमानुसार कार्यवाही करते हुए संबंधित विभागों को सूचना दी। इस सतर्कता के चलते अन्य ट्रेन को समय रहते स्टेशन पर रोका गया और एक संभावित विलम्ब को टाल दिया गया।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने इन कर्मचारियों के दायित्वबोध, सतर्कता एवं उच्च कार्य नैतिकता की सराहना की तथा कहा कि ऐसे कर्मचारी रेलवे की सुरक्षा प्रणाली की रीढ़ हैं और अन्य स्टाफ के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय मनोहर सिंह और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर यांत्रिक जोगेंद्र मीणा भी मौजूद रहे।

## योगाभ्यास किया

**जोधपुर**, (कासं)।डॉ सर्वेपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के उपलक्ष्य में 17जून से 20 जून तक आयोजित योग अनप्लग्ड कार्यक्रम आज सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने की। उनके मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज द्वारा पूरे आयोजन को संचालित किया गया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चारों अंगीकृत महाविद्यालय - आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी तथा बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद - एवं संबद्धता प्राप्त एसएलबीएस योग नेचुरोपैथी महाविद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समापन सत्र में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चंद्रभान शर्मा ने बताया कि विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# जसोलधाम में उच्च शिक्षा का अभ्यास वर्ग संपन्न



बालोतरा जिले के विश्वविख्यात,जसोलधाम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का आयोजन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (नि.सं.)। बालोतरा जिले के विश्वविख्यात, ऐतिहासिक व आध्यात्मिक धार्मिक स्थल जसोलधाम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में राजस्थान राज्य के सभी जिलों से बड़ी संख्या में शिक्षक और शैक्षिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल (जसोलधाम) परिसर में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जी जसोल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथियों और अतिथि शिक्षकों ने श्री राणीसा भटियाणीसा, श्री बायोसा, श्री सवाईसिंह जी, श्री लाल बन्नासा, श्री खेतलाजी एवं श्री काला-गौरा भैरु जी के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर दर्शन लाभ अर्जित किया।

शिविर के दौरान संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने उपस्थित शिक्षकों को रावल श्री मल्लीनाथ जी और श्री राणी रूपादे जी की ऐतिहासिक जीवनी से अवगत करवाया। उन्होंने रावल श्री मल्लीनाथ जी द्वारा सफल लड़े गए ऐतिहासिक युद्धों और उनके योगदान की विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने सनातन संस्कृति के महत्व को समझाते हुए उसके संरक्षण और प्रचार की आवश्यकता पर बल दिया।

रावल किशन सिंह जसोल ने यह भी कहा कि इतिहास की पुस्तकों में जो त्रुटियां आज तक चली आ रही हैं, उन्हें सुधारा जाना चाहिए और इसके लिए उन्होंने मौजूद प्रोफेसरों से सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने समाज में सामाजिक समरसता और ऐतिहासिक चेतना को पुनर्स्थापित करने की अपील की।


कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट रूप से आमंत्रित सात प्रमुख प्रोफेसरों को 'महेचा राठौड़ों का इतिहास' पुस्तक भेंट की गई, जिससे राजस्थान की गौरवशाली परंपरा में महेचा राठौड़ों के इतिहास और वंशावली से सभी को परिचित करवाया जा सके।

दो दिवसीय शिविर के आयोजन के दौरान श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल (जसोलधाम) द्वारा सभी प्रतिभागी शिक्षकों एवं प्रोफेसरों के लिए ठहरने, भोजन सहित समुचित व्यवस्थाएं उत्तम स्तर पर की गई। प्रदेशभर से आए शिक्षकों ने संस्थान की सेवा भावना और आयोजन के प्रबंधन की सराहना की।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी शिक्षकों ने भारतीय शिक्षा पद्धित, संस्कृति और इतिहास के संरक्षण में अपने दायित्व को निभाने की प्रतिज्ञा ली।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर महेंद्र कपूर राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ , प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रोफेसर सुशील कुमार बिस्सु राष्ट्रीय सेवा आयाम प्रमुख, प्रोफेसर दिग्विजय सिंह उत्तर पश्चिम क्षेत्र प्रमुख , प्रोफेसर मनोज बहरबाल अध्यक्ष राजस्थान उच्च शिक्षा), प्रोफेसर रिछपाल सिंह राठौड़ महामंत्री ( राजस्थान उच्च शिक्षा) प्रोफेसर दीपक शर्मा संगठन मंत्री राजस्थान उच्च शिक्षा) सहित राजस्थान प्रदेश के सम्पूर्ण जिलों के बड़ी संख्या में शिक्षक और शैक्षिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखंड ज्योति कलश यात्रा कोड़ी ग्राम पहुंची



शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में निकली अखंड ज्योति कलश यात्रा कोड़ी गांव एवं आत्मानन्द सेवा संस्थान पहुंची। फोटो-राष्ट्रदूत

**भीनमाल**, (निसं)। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में निकली अखंड ज्योति कलश यात्रा शुक्रवार को कोड़ी गांव एवं आत्मानन्द सेवा संस्थान पहुंची। जहां श्रद्धालुजनों ने हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। पूजा-अर्चना के साथ वातावरण मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ मार्गदर्शक महेश व्यास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उज्ज्वल भविष्य की सुनिश्चित संभावनाओं के मध्य, युग परिवर्तन की इस वेला में जो अंधकार मनुष्यता के घरों, मनों, समाजों और अंतरिक्ष तक फैला है - उसे परास्त करने के लिए असंख्य ज्योतियों का एक साथ जलना आवश्यक हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा उद्घोषित दिव्य स्वप्न, साधना और युग निर्माण की ज्योति को जन-जन तक पहुँचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

जिला समन्वयक सज्जनसिंह दूधवा ने कलश यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक प्रतीकात्मक रथ यात्रा नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा, उत्साह एवं उमंग से भरे नूतन प्रयासों का संकल्प है, जिसके माध्यम से विश्वमानवता के कल्याण हेतु ब्रह्मबीज बोए जा सकते हैं। उन्होंने आहवान किया कि इन बीजों को पुष्पित करने हेतु हमें जल और प्रकाश के समान सेवा भाव में निरंतर जुटे रहना चाहिए। इस पावन अवसर पर प्रदीप शर्मा, सीमा शर्मा, पूर्णा सोनी, प्रागाराम पुरोहित, अशोक तिवारी, सीमा वैष्णव, पुरुषोत्तम वैष्णव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना और दीप यज्ञ के साथ हुआ, जिसने समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार कर दिया।

# कार्यक्रमों व योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरुवार सायंकाल डीओआईटी परिसर में जिले में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने 21 जून को जिला, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए समस्त तैयारियाँ पूर्ण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में जिले से अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों की जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वहीं जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिसमें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे ने ज़िलें में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत सघन वृक्षारोपण करवाने के निर्देश दिए तथा उन्होंने कहा कि इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि वृक्षारोपण के पश्चात पौधों की सार संभाल की जाएं।

बैठक में कलैक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे एनएफएसए योजना के तहत लंबित आवेदनों का त्वरित रूप से निस्तारण करें तथा योजना के तहत अधिक से अधिक संख्या में पात्र लोगों को लाभान्वित करें। जिला कलैक्टर ने ब्लॉक स्तर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे फील्ड विजिट एवं जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित रूप से समाधान करें।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उपवन संरक्षक जयदेव सिंह चारण सहित जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वी सी के माध्यम से उपस्थित रहे।

## नोटिस जारी

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक करवाने के लिए 30 जून तक 'गिव-अप अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 360 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए हैं।

जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि अभियान के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 30 जून, 2025 तक सक्षम व्यक्ति स्वेच्छा से नाम नहीं हटवाए जाते हैं तो उनके विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।

# भीमरलाई में श्रमदान किया

**बालोतरा**, (नि.सं.)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े का ब्लॉक स्तरीय समापन समारोह बालोतरा जिले की ग्राम पंचायत भीमरलाई में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान किया, जल संरक्षण की शपथ ली, वृक्षारोपण कार्य किया और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत हुए कार्यों का निरीक्षण भी किया।

समारोह की शुरुआत में, बड़ी संख्या में ग्रामीणों, स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों और सरकारी अधिकारियों ने भीमरलाई के तालाब पर श्रमदान किया। सभी ने मिलकर जल स्त्रोत से गाद निकालने और उसके किनारों को साफ करने का कार्य किया, उसकी जल धारण क्षमता बढ़ाई जा सके। श्रमदान के पश्चात लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली, पानी की एक-एक बूंद बचाने, वर्षा जल का संग्रहण करने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।



वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े का ब्लॉक स्तरीय समापन समारोह ग्राम पंचायत भीमरलाई में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज

**जालोर**, (कासं)। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 जून को प्रातः 6.30 बजे से प्रातः 8 बजे तक शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर व सिरे मंदिर तलहटी जालोर में ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' की थीम पर मनाने के लिए तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. दिनेश कुमार जोशी ने बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अवसर पर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय की योग चिकित्सक एवं योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रातः 6.30 बजे से प्रातः 8 बजे तक योगाभ्यास करवाया जायेगा। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त भीनमाल में जाकोब तालाब, राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, क्षेमंकरी माता मंदिर व नेहरू गार्डन, जसवंतपुरा में सुन्धा माता मंदिर व जसवंतपुरा मुख्यालय, सांचौर मुख्यालय पर राउमावि सांचौर सहित कई जगह योग होगा।

# सोशल मीडिया एवं मोबाइल का सदुपयोग करें : जोगेश्वर गर्ग

**जालोर**, (कासं)। स्व. फूसाराम महाराज स्मृति सेवा प्रन्यास जालोर एवं परशुराम सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान व तखतगढ़ धाम पाली के युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज के पावन सान्निध्य में जालोर विधानसभा क्षेत्र के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-2025 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 233 विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह शुक्रवार को विजय पैराडाइज होटल जालोर में हुआ।

समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, उत्कर्ष क्लासेस के निदेशक निर्मल गहलोत, परशुराम सेवा संस्थान जालोर के अध्यक्ष आर.डी.चौधरी, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित व पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल उपस्थित रहे। समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि विद्यार्थी सोशल मीडिया एवं मोबाईल का अपनी शैक्षणिक उन्नति एवं विकास में सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।





जालोर में फूसाराम महाराज स्मृति सेवा प्रन्यास की ओर से विधानसभा क्षेत्र की 233 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के आतिथ्य में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

उन्होंने कहा कि सम्मानित होने वाली प्रतिभाएं अपना करियर निर्माण कर परिवार, समाज एवं जिले का गौरवान्वित करें। उन्होंने स्वयं एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में हरसंभव सहयोग किये जाने की बात कही।

मुख्य सचेतक ने कहा कि विधार्थी जीवन के मार्ग पर सफलता प्राप्त करने के लिए किताबी ज्ञान प्राप्त करने के साथ ही व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि विधार्थी जीवन में सकारात्मक लक्ष्य तय करते हुए जीवन में आगे बढ़े एवं वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रतिस्पर्धाओं से डरे नहीं, बल्कि मेहनत करते हुए जालोर जिले का नाम रोशन करें एवं अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हुए जीवन में लक्ष्य को हासिल करें। युवाचार्य अभयदास महाराज ने कहा कि शिक्षा में किताबी ज्ञान के साथ संस्कारों का समावेश होने पर ही शिक्षा पूर्ण होती है। यह संस्कार परिवार, गुरूजन व समाज से मिलते हैं।

इस अवसर पर आगे उन्होंने कहा कि प्रतिभाएं सभी जगह विद्यमान है, उन्हे केवल प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

समारोह में उत्कर्ष क्लासेस के निदेशक निर्मल गहलोत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सदैव सकारात्मक सोच से कार्य करें तथा असफलता से निराश नहीं होवें। उन्होंने विद्यार्थियों को दसवीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाएं तथा असफलता से घबराएं नहीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी सोचने व समझने की क्षमता को विकसित करें तथा सोशल मीडिया के प्रभावों को समझते हुए उनका संयमित इस्तेमाल करें।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे जीवन में अनुशासित रहते हुए दृढ़ संकल्प के साथ पढ़ाई करें तथा सतत् प्रयासों के माध्यम से जीवन में सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम संयोजक नाथू सोलंकी ने बताया कि समारोह में माध्यमिक व उच्च माध्यमिक की 233 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सचिव महेन्द्र गर्ग ने आभार जताया।

इस अवसर पर पुखराज विराणा, दीपसिंह धनानी, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, रवि सोलंकी, दिनेश परमार, गणपतसिंह राव, नैनमल लखावत, राहुल भण्डारी, श्यामसुन्दर सोलंकी, मालाराम सहित सम्मानित होने वाले विद्यार्थी व अभिभावक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

**जोधपुर**, (का.सं.)। एम्स जोधपुर में आज एक नए जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया।

संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी ने केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया और प्रतीकात्मक रूप से वहाँ से दवाएँ भी खरीदीं। यह पहल मरीजों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर एम्स जोधपुर के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्रगण उपस्थित रहे। एम्स जोधपुर, सस्ती, सुलभ और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

## ओलम्पिक दिवस के कार्यक्रम होंगे

**जालोर**, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के शुभारंभ पर 23 जून को रघुनाथ विश्नोई मेमोरियल कॉलेज रानीवाडा से प्रातः ओलम्पिक दौड को नरेंद्र कुमार विश्नोई चेयरमैन एवं पूर्व प्रधान द्वारा हरी झण्डी दिखाकर दौड प्रारम्भ करेंगे, उसी के साथ ही जिलेभर में खेलों से सबंधित विभिन्न गतिविधियों का आगज होगा।

जालोर जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष प्रकाश बिश्नोई ने बताया कि इसी महाविद्यालय में ओलम्पिक मूल्यों पर आधारित सांस्कृतिक और शैक्षिक सत्र के दौरान युवाओं को विभिन्न विषयों के प्रोफेसरों द्वारा व्याख्यानों से लाभान्वित करवाया जाएगा।

जालोर जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव लाल सिंह सांखला ने जानकारी उपलब्ध कर बताया कि 23 जून को जालोर में जूनियर बास्केटबॉल की प्रतियोगिता होगी तथा बास्केटबॉल संघ के लोगो का विमोचन करवाया जाएगा जालोर सांचोर स्थित जिमों में पावरलिफ्टिंग और वेटलिफ्टिंग के प्रदर्शन के बाद खिलाडियों के लिए फिटनेस और उनके कल्याणार्थ अभियान के अंतर्गत खेल प्रशासकों के साथ चर्चा होगी। फुटबॉल मैच का आयोजन करवाया जाएगा।

# विश्नोई समाज ने रोष जताया





भीनमाल में विश्नोई समाज के लोग एक मामले को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

**भीनमाल**, (निसं)।भीनमाल में शुक्रवार को विश्नोई समाज के लोगों ने एक मामले को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

विश्नोई युवा जिलाअध्यक्ष एडवोकेट श्रवण ढाका ने बताया कि मामला डॉ. राकेश विश्नोई की आत्महत्या से जुड़ा है। समाज का आरोप है कि डॉ. राकेश विश्नोई को उनके विभागाध्यक्ष ने शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया। इस प्रताड़ना से परेशान होकर डॉ. विश्नोई ने सेल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। मृत्यु से पहले डॉ. राकेश ने अपने मृत्युकालीन बयान में विभागाध्यक्ष द्वारा की गई प्रताड़ना को आत्महत्या का कारण बताया। विश्नोई समाज ने मुख्यमंत्री से दोषी विभागाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समाज की ओर से दी गई शिकायत में विभागाध्यक्ष को गिरफ्तार करने और उसे बर्खास्त या निलंबित करने की मांग की गई है। विश्नोई समाज ने डॉ. राकेश को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

युवा संगठन जिला अध्यक्ष एडवोकेट श्रवण ढाका, ट्रस्ट सचिव शिवनारायण बिशनोई, शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष जयकरण खिलेरी, ओमप्रकाश तेतरवाल, रमेश सारण सांकड़, विक्रम ढाका, रामनिवास भादु, गणपत ढाका, भिखाराम साऊ, सोहन खिलेरी, कमलेश ढाका, नरेश खिचड़, दिनेश गोदारा, राजपाल माजु, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# आत्म रक्षा, चरित्र निर्माण,संस्कार व योग शिविर आज

**जालोर**, (कासं)। आर्य वीर दल का 7 दिवसीय आत्म रक्षा, चरित्र निर्माण,संस्कार एवं योग शिविर का शुभारम्भ शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन 21 जून को सांय 5 बजे यज्ञ के साथ होगा।

शिविर संयोजक पूर्व पार्षद भरत कुमार भादरू ने बताया कि 22 जून से 28 जून तक लाल पोल के अंदर स्थित आर्य सुभाष व्यायामशाला मे होगा । जिसमे 14 वर्ष से अधिक के बालक – बालिका भाग लें रहे है। उन्होंने ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 और शाम 6 बजे से 8 बजे तक विभिन्न सत्रों में आयोजित होगा। ईश्वर उपासना, यज्ञ, बौद्धिक योगासन, कराटे ,लाड्डी व तलवार की विधा का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षको द्वारा दिया जायेगा।सह संयोजक पूर्व पार्षद जगदीश आर्य ने बताया कि बौद्धिक वार्ताएं के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र भक्त तैयार किये जाएंगे।आर्य ने बताया कि भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रतिदिन दूध और गुड़-चना प्रतिदिन दिया जाएगा।